संख्या एचसी-1/2026-हिन्दी कक्ष

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनीरका, नई दिल्ली-110067

दिनांक: 03.07.2026

परिपत्र

विषय: राजभाषा हिंदी में किए गए कार्य-विवरण की प्रविष्टि के संदर्भ में।

दिनांक 12 जून, 2026 को आयोजित संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में एवं संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन को व्यक्तिशः सुनिश्चित करने एवं संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण सहित अन्य राजभाषा निरीक्षणों के तत्काल संदर्भ हेतु संस्थान के प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी राजभाषा हिंदी में किए गए अपने कार्यों का विवरण यहां संलग्न प्रारूप के अनुसार नियमित आधार पर अद्यतित करेंगे। यह प्रविष्टि एक्सेल शीट अथवा गूगल फॉर्म में तत्काल संदर्भ हेतु तैयार रखना अनिवार्य है। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादित करने वाले कर्मचारियों को संस्थान में लागू प्रोत्साहन योजना एवं भविष्य में प्रस्तावित किसी अन्य योजना के अंतर्गत यथाअर्हता एवं नियमानुसार पुरस्कृत भी किया जा सकता है।

अतः संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह निदेशित किया जाता है कि **राजभाषा हिंदी में किए गए कार्य-विवरण की प्रविष्टि के अनुपालन हेतु** कृपया इस परिपत्र के साथ यहाँ संलग्न प्रारूप के अनुसार राजभाषा हिंदी में किए गए अपने कार्यों का विवरण नियमित आधार पर अंकित कर सुरक्षित रखने का कष्ट करें तथा यथा आवश्यकता तत्काल संदर्भ हेतु प्रस्तुत करें।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संजय कुमार

(संजय कुमार)
उप निदेशक (प्रशासन)

सेवा में:

1. संस्थान के **सभी विभाग**/ अनुभाग-सभी विभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी –अपने अधीन कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों की जानकारी में लाने का कष्ट करें एवं **अनुपालन सुनिश्चित करें।**
2. निदेशक के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
3. अधिष्ठाता (डीन) के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
4. उप निदेशक प्रशासन के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
5. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
6. कंप्यूटर कक्ष- संस्थान की वेबसाइट में अपलोड हेतु।

राजभाषा हिंदी में निष्पादित कार्य-विवरण

कर्मचारी का नाम एवं पद :

विभाग/अनुभाग :

क्रम	तिथि	फाइल संख्या/रसीद संख्या	संप्रेषण का प्रकार (आदेश, परिपत्र, टिप्पण एवं प्रारूपण इत्यादि)	संदर्भ संख्या	टिप्पणी (यदि कोई हो)